संख्या–cm-218
27/04/2020

मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लॉकडाउन के दौरान 7 निश्चय योजना के अंतर्गत रोजगार सृजन के लिए शुरु किये गए कार्यों की समीक्षा की

पटना, 27 अप्रैल 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित नेक संवाद में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लॉकडाउन के दौरान 7 निश्चय योजनान्तर्गत हर घर नल का जल एवं हर घर तक पक्की गली–नालियॉ योजनाओं की प्रगति एवं रोजगार सृजन के लिए शुरु किये गए कार्यों की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सचिव श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव ने हर घर नल जल योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 15 अप्रैल से 5,447 वार्डों में काम शुरु हुआ है और अभी 18,547 वार्डों में काम चल रहा है। पिछले 20 दिनों में 350 योजनाएं पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि 30,497 गुणवत्ता प्रभावित (आर्सेनिक, फ्लोराइड और आयरन) वार्ड हैं, जिसमें भी काम शुरु किया गया है।

पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव श्री अमृत लाल मीणा ने लॉकडाउन में किये गये कार्यों की विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम पेयजल निश्चय योजना, ग्रामीण गली–नाली पक्कीकरण योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम पेयजल निश्चय योजना के अंतर्गत 58,612 वार्डों में काम किया जाना है, जिसमें 40,881 वार्डों में काम पूर्ण हो चुका है और शेष वार्डों में कार्य जारी है, जिसे 15 जून तक पूर्ण कर लिया जाएगा। ग्रामीण गली–नाली पक्कीकरण योजना के अंतर्गत 7 दिनों के अंदर 2800 कार्य शुरु किये गये हैं, जिसमें 10 हजार मजदूर कार्यरत हैं।

नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री आनंद किशोर ने अपने प्रस्तुतीकरण में जानकारी देते हुए बताया कि हर घर नल का जल योजना के अंतर्गत 3,370 वार्ड में कार्य किया जाना है, जिसमें 3,001 वार्ड में काम प्रारंभ हो चुका है। 1208 वार्डों में काम पूर्ण हो चुका है। जून–जुलाई तक सभी कार्य पूर्ण कर लिये जाएंगे। अमृत योजना के अंतर्गत सभी घरों में जलापूर्ति की जानी है जिसे अगस्त माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। पक्की गली नली योजना के अंतर्गत 3,341 वार्डों में काम शुरु हो चुका है।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान ग्रामीण श्रेत्रों में रोजगार सृजन के कार्यों की शुरुआत की गई है ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके, इसके साथ ही मनरेगा के अंतर्गत भी कई कार्य शुरु किये गए हैं। उन्होंने कहा कि 7 निश्चय योजना के अंतर्गत हर घर नल का जल और हर घर पक्की गली और नाली के कार्य को भी लॉकडाउन के दौरान शुरु किया गया है जिससे लोगों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि गुणवत्ता प्रभावित वार्डों में भी हर घर नल का जल योजना तेजी से पूर्ण करें। जो योजनाएं पहले से शुरु की गई है उन्हें समय से पूर्ण करने के लिए तेजी से कार्य करें। कार्य पूर्ण करने के लिये राशि की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। जो योजनाएं पहले से शुरु

की गई है, उन्हें समय से पूर्ण करने के लिए तेजी से कार्य करें। कार्यों की प्रगति का सघन अनुश्रवण करें। गाइडलाइन के अनुरूप कार्य स्थल पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जाय, साथ ही जीविका द्वारा निर्मित फ्री ऑफ कास्ट मास्क भी उपलब्ध कराये जायें।

बैठक में मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे। साथ ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री विनोद नारायण झा, पंचायती राज मंत्री श्री कपिलदेव कामत, पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव श्री अमृतलाल मीणा, वित्त विभाग के प्रधान सचिव श्री एस0 सिद्धार्थ, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री आनंद किशोर एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सचिव श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव जुड़े हुए थे।

******